## इंडकैट कैसे कार्य करता है

**1 चरण**

**डेटा अधिग्रहण:** संस्थानों द्वारा MARC (.mrc) फ़ाइल प्राप्त की जाती है।

**2 चरण**

**फॉर्मेट की मानकीकरण:** सभी प्राप्त विषम डेटा को ISO 2709 मानक प्रारूप में रूपांतरित करना।

**3 चरण**

**डेटा शुद्धिकरण और प्रमाणीकरण:** विभिन्न MARC फ़ील्ड्स में टाइपोग्राफ़िकल त्रुटियों को ठीक करने के लिए UCMS का उपयोग करना।

**4 चरण**

**डीडुप्लिकेशन एवं मर्जिंग:** प्रमाणित एवं मानकीकृत अभिलेखों के डुप्लिकेट रिकॉर्ड्स की पहचान कर उन्हें संयोजित (Merge) करके इंडकैट डेटाबेस में एकीकृत किया जाता है।

## अपना डेटा योगदान करें

**प्रक्रिया 1**

इंडकैट वेबसाइट पर > अपना डेटा योगदान करें > MARC फ़ाइल की ड्राइव लिंक पेस्ट करें।

**प्रक्रिया 2**

MARC फ़ाइल एक्सपोर्ट करें और इसे इस ईमेल पर भेजें: indcat@inflibnet.ac.in

**प्रक्रिया 3**

OCS के माध्यम से डेटा एंट्री करें।

इंडकैट के बारे में अधिक जानने के लिए स्कैन करें ।




## संपर्क करें

**प्रो. देविका पी. माडल्ली**
निदेशक
इन्फ़्लिबनेट केंद्र

**डॉ. अभिषेक कुमार**
वैज्ञानिक-ई (सी.एस)

**डॉ. धर्मेशकुमार शाह**
वैज्ञानिक-बी (सी.एस)

**डॉ. नवनीत कुमार शर्मा**
वैज्ञानिक-बी (एल.एस)

**श्री दिनेश रंजन प्रधान**
वैज्ञानिक-डी (एल.एस)

**श्रीमती शिवानी ठाकुर**
वैज्ञानिक-बी (एल.एस)

**पूछताछ के लिए**

Email: indcat@inflibnet.ac.in
Tel: 079-2326 8229/42/84/94

**सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र**
(विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक स्वायत्त अंतर-विश्वविद्यालय केंद्र)
इन्फोसिटी, गांधीनगर 382007, गुजरात, भारत
https://www.inflibnet.ac.in/

## इंडकैट के बारे में

इंडकैट एक प्रमुख ओपन-एक्सेस ग्रंथसूची डेटाबेस है , जो भारत के यूनियन कैटलॉग के रूप में कार्य करता है। जिसमें देश भर के प्रमुख विश्वविद्यालय और संस्थान पुस्तकालयों से पुस्तकों, शोध प्रबंधों और क्रमिक पत्रिका के ग्रंथसूची विवरण शामिल हैं। यह इन्फ्लिबनेट केंद्र की प्रमुख कार्यक्रम है, जिसकी शुरुआत 1995 में हुई थी। । यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म सभी विषयों में लाखों रिकॉर्ड के लिए एकल पहुँच बिंदु के रूप में कार्य करता है। इंडकैट हमें पुस्तकालय संग्रह के बारे में जानकारी प्रदान करता है, जिससे छात्रों के लिए देश में कहीं से भी किताबें ढूंढना और उधार लेना आसान हो जाता है।

## मुख्य विशेषताएं

- भारत का सबसे बड़ा ओपन-एक्सेस ग्रंथ सूची डेटाबेस
- सरल, उन्नत और वॉइस-आधारित खोज सुविधा।
- यह विश्वविद्यालय के लिए आभासी कैटलॉग के रूप में कार्य करता है।
- कॉपी कैटलॉगिंग और संसाधन साझा करने में सुविधा प्रदान करता है ।

## इंडकैट सांख्यिकी

| क्रम संख्या | डेटाबेस | अभिलेखों की संख्या | संस्थानों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | पुस्तकें | 2,64,59,070 | 404 |
| 2 | शोध प्रबंध | 4,57,733 | 472 |
| 3 | शोध पत्रिका | 37,136 | 239 |

फरवरी 2026 तक के आंकड़े

## इंडकैट के उपसमूह

**GujCat**

गुजकैट, गुजरात के प्रमुख कॉलेज, संस्थान और विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों की पुस्तकों का ऑनलाइन यूनियन कैटलॉग है, जिसमें 42 कॉलेजों के 7,90,712 अभिलेख शामिल हैं।

**NERCat**

नरकैट को उत्तरी-पूर्वी क्षेत्र के विश्वविद्यालय के पुस्तकालयों में ग्रंथ सूची रिकॉर्ड की खोज सीमित करने के लिए डिज़ाइन और कार्यान्वित किया गया है। जिसमें 13 उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय विश्वविद्यालयों के 8,08,462 रिकॉर्ड्स शामिल हैं।

**AssamCat** (Online Union Catalogue of Assam Colleges)

असमकैट में असम राज्य के कॉलेजों के पुस्तकालयों में उपलब्ध दस्तावेजों के ग्रंथ सूची रिकॉर्ड शामिल हैं। जिसमें असम के 111 कॉलेजों के 15,29,842 रिकॉर्ड हैं।

## पुस्तकों की संयुक्त प्रसूची

इंडकैट के पुस्तक डेटाबेस में भारत के 404 विश्वविद्यालय/संस्थान पुस्तकालयों से 2.64 करोड़ रिकॉर्ड शामिल हैं। यह ग्रंथसूची शीर्षक, लेखक, स्थान, प्रकाशक, आईएसबीएन, संस्करण, भौतिक विवरण, प्रकाशन वर्ष, विषय, कक्षा संख्या आदि के साथ होल्डिंग विवरण की जानकारी प्रदान करता है । इसके पुस्तक डेटाबेस में मोनोग्राफ, संदर्भ पुस्तकें, सम्मेलन कार्यवृत्त और पाठ्यपुस्तकें भी शामिल हैं।

## शोधप्रबंधों की संयुक्त प्रसूची

भारतीय शोध प्रबंध कैटलॉग में भारत के 472 विश्वविद्यालयों और संस्थानों में जमा किए गए डॉक्टोरल शोध प्रबंधों के बिब्लियोग्राफिक विवरण शामिल हैं। जिसमें लगभग 4,57,733 अनूठे रिकॉर्ड्स हैं, जो 1906 से सभी विषय क्षेत्रों को कवर करते हैं।

**शोध प्रबंध डेटाबेस खोजें**

शोध प्रबंध डेटाबेस में शीर्षक, कीवर्ड, शोधकर्ता, मार्गदर्शक, विश्वविद्यालय, विभाग, जमा करने के वर्ष और विषय कीवर्ड के आधार पर खोज की सुविधा है। खोज इंटरफेस में शोधगंगा (पूर्ण-पाठ शोध प्रबंध डेटाबेस) में उपलब्ध पूर्ण-पाठ शोध प्रबंधों के लिंक भी शामिल हैं।

## शोध पत्रिकाओं की संयुक्त प्रसूची

भारतीय सीरियल्स कैटलॉग में भारत के 239 विश्वविद्यालयों/संस्थानों में उपलब्ध 37,136 रिकॉर्ड्स शामिल हैं। इसमें सीरियल्स (जर्नल, पत्रिकाएँ, वार्षिक, सीरियल्स) के ग्रंथसूची विवरण उपलब्ध हैं। यह डेटाबेस वर्तमान सीरियल्स, संग्रहित होल्डिंग्स और अकादमिक पुस्तकालयों द्वारा सदस्यता लिए गए ई-जर्नल्स की जानकारी प्रदान करता है। साथ ही, संबंधित पुस्तकालयों में उपलब्ध और अनुपलब्ध जर्नल वॉल्यूम्स की स्थिति भी बताता है।

**शोध प्रबंध डेटाबेस खोजें**

सीरियल डेटाबेस में शीर्षक, शीर्षक में मौजूद शब्द, प्रकाशक और स्थान, ISSN, CODEN, विषय कीवर्ड, नोट आदि के आधार पर खोज की जा सकती है। खोज इंटरफेस प्रत्येक रिकॉर्ड के लिए उन विश्वविद्यालयों की होल्डिंग जानकारी भी प्रदान करता है जिनके पास वर्तमान सदस्यता, संग्रहित होल्डिंग्स और ई-जर्नल उपलब्ध हैं।

## ऑनलाइन कॉपी-कैटलॉग प्रणाली (ओसीएस)

ओसीएस 2.0 पोर्टल को इन्फ्लिबनेट केंद्र द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। इसका उपयोग मुख्य उद्देश्य सहयोगात्मक कैटलॉगिंग को बढ़ावा देने और प्रयासों के दोहराव से बचने के लिए किया जाता है। यह देश भर के 75 विश्वविद्यालयों द्वारा उपयोग किया जाता है। जो पूरी तरह से सोल 2.0 / सोल 3.0 और कोहा द्वारा समर्थित है।




डेटा एंट्री और मेटाडेटा प्रबंधन के लिए एक संपूर्ण समाधान

## ओसीएस 2.0 का उपयोग कैसे करें

- ओसीएस 2.0 का नवीनतम संस्करण डाउनलोड करें: https://ocs.inflibnet.ac.in/
- इंडकैट टीम से लॉगिन क्रेडेंशियल्स के लिए अनुरोध करें ।
- स्थानीय पुस्तकालय डेटाबेस इंस्टॉल और कनेक्ट करें ।

## ओसीएस 2.0 की महत्वपूर्ण विशेषताएँ:-



- **प्रतिलिपि:** जब कोई संपादन आवश्यक न हो ।
- **नए के रूप में कॉपी करें:** जब संपादन की आवश्यकता हो ।
- **नया कैटलॉग बनाएँ।**